हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 11 मई, 2025

11 विद्यार्थियों ने नृत्य से मां की भावनाओं को किया व्यक्त


12 कचरा उठाने का टेंडर खत्म 40% कालोनियों में बुरा हाल


## खबर संक्षेप

### हेरोइन सप्लाई करने के आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के साथ सप्लायरों की धरपकड़ को लेकर एसपी द्वारा दिए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक सप्लायरको गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान कृष्ण पुत्र सुखदयाल निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 5 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत ममाला दर्ज किया था। पुलिस टीम एएसआई जतिन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई की।

### नकदी चुराकर भाग रहा युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना में डांगरा रोड स्थित बस स्टैण्ड के सामने एक चाय की दुकान से नकदी चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने काबू कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवक की पहचान सचिन पुत्र भोजराज निवासी भूना रोड, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 500 रुपये की नकदी बरामद की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को आजाद नगर टोहाना निवासी दीनानाथ की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### फर्जी कागजात तैयार कर नपा की दुकान हड़पी

**फतेहाबाद।** जाखल में फर्जी कागजात तैयार करवाकर नगरपालिका की एक दुकान को हड़पने का मामला सामने आया है। इस मामले में जाखल पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जाखल मण्डी निवासी आकाश गर्ग ने कहा है कि उसके पिता के पास जाखल नगरपालिका की दुकान नं. 6 है। नगरपालिका ने 2007-08 में यह दुकान दी थी। वर्ष 2020 में उसे पता चला कि सुरेखा व उत्तम ने गलत दस्तावेज तैयार करवा सकते हैं। इस पर उसने अगस्त 2020 में नगरपालिका को हल्फिया बयान देकर दुकान को किसी अन्य के नाम ट्रांसफर न करने की बात कही थी।

### सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण पाबंदी

**सिरसा।** सिरसा में धारा 163 के तहत ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण रुप से पाबंदी लगाई गई है। पुलिस व जिला प्रशासन ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि अगर वे किसी संदिग्ध ड्रोन या वस्तु को उड़ते हुए देखते हैं, या किसी व्यक्ति को इन्हें उड़ाते हुए देखते हैं, तो वे तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दें। पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है।

## शहर के लोगों में दिनभर रहा चर्चा का माहौल

# सिरसा में गिरे मिसाइल के टुकड़ें धमाके से लोगों में अफरा तफरी

**सूचना के बाद पुलिस व वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उपकरण को अपने साथ वायु सेना केंद्र ले गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पाकिस्तान द्वारा सिरसा के वायु सेना केंद्र को निशाने पर लेकर मिसाइल दागी गई। जिसे भारतीय वायु सेना ने सफलता पूर्वक निष्क्रय कर दिया। शहर के लोगों में दिनभर चर्चा का माहौल गर्म रहा। घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि मिसाइल गिरने के बाद अचानक बहुत तेज धमाका हुआ और आसमान में तेज रोशनी दिखाई दी। ऐसा लगा कि जैसे आसमान में कोई चीज एकदम से जल गई हो। धमाके की गूंज के बाद लोग सकते में आ गए और ब्लैकआउट के दौरान अपने घरों की छतों पर सोये हुए लोग अफरा तफरी में नीचे की ओर भाग गए। खाजाखेड़ा व सरस्वती कॉलोनी के बीच खाली खेतों में गिरे मिसाइल के टुकड़े के बारे में नजदीक ही रहने वाले अर्जुन दास ने बताया कि करीब 12:15 बजे तेज गड़गड़ाहट के साथ जोरदार धमाका हुआ। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ वे अपने घर की छत पर सोये हुए थे। उसके बाद नीचे चले गए। सुबह छह बजे पता चला कि रात को जो धमाका हुआ था वह पाकिस्तान द्वारा दागी गई मिसाइल का था जिसका टुकड़ा घर से थोड़ी ही दूर पर खेत में पड़ा मिला।







**सिरसा।** धमाके के बार में चर्चा करते स्थानीय लोग तथा धमाके की जानकारी देते अर्जुन दास। *फोटो : हरिभूमि*

### खेत में हरा चारा काटने आया तो देखा मिसाइल का टुकड़ा

*प्रदीप रातुसरिया के खेतों में काम करने वाला ओमप्रकाश सुबह छह बजे जब खेत में हरा चारा काटने गया तो खेत में एक लोहे का विशाल टुकड़ा पड़ा देखा। ओमप्रकाश ने तुरंत फैक्टरी पहुंचकर इस बारे में संचालक अरविंद को बताया तो बाद में पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। सूचना के बाद पुलिस व वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उस उपकरण को अपने साथ वायु सेना केंद्र ले गए।*

### धमाका होते ही छत पर सो रहे कारीगर भागे नीचे

घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर एक सिलाई फैक्टरी में काम करने वाले चार कारीगर छत पर सो रहे थे। कारीगर मोहम्मद यामी ने बताया कि उसने मुंह से कंबल हटाया ही था कि एक जोरदार धमाका हुआ और तेज रोशनी देखी। इसके बाद वह साथ सो रहे दूसरे साथियों को उठाकर नीचे भाग गया और राहत की सांस ली।

# पत्नी पर किए कुल्हाड़ी से वार, हालत गंभीर

## पत्नी के सिंगापुर जाने से नाराज था पति

- आरोपी मौके पर ही कुल्हाड़ी फेंककर हुआ फरार, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के जाखल क्षेत्र के गांव कुदनी में पत्नी के विदेश जाने से नाराज पति ने एक दिन पहले ही अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जाखल थाना क्षेत्र के गांव कुदनी निवासी कमल चंद की 18 साल पहले हिसार जिले के गांव ढंढूर निवासी कविता के साथ शादी हुई थी। दोनों के एक बेटा व एक बेटी है। कमल चंद अनाज मंडी में पल्लेदारी करता है जबकि उसकी पत्नी कविता दो साल सिंगापुर रहकर आई है। कविता ने शुक्रवार को ही वापस सिंगापुर जाना था, मगर उससे पहली रात को दोनों के बीच विदेश न जाने को लेकर विवाद हुआ। इसी में तैश में आकर कमल ने कविता पर कुल्हाड़ी से वार कर दिए। मौके पर ही कुल्हाड़ी फेंककर फरार हो गया। बेटे-बेटी ने शोर मचाकर अपने दादा को बुलाया। इसके बाद महिला को पहले टोहाना सिविल अस्पताल लेकर गए। वहां से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कविता वीरवार को अपने मायके ढंढूर से विदेशी करंसी भी लेकर आई। साथ ही शॉपिंग भी की थी। इसके बाद पति के साथ ही वापस कुदनी आई थी। रात को जल्दी सो गई थी ताकि सुबह जल्दी निकला जा सके। मगर इससे पहले ही यह वारदात हो गई।



घायल महिला का फाइल फोटो।

### सिंगापुर में जज की कोठी पर करती थी काम, अगस्त 2024 में वापस आई थी

*घायल महिला कविता के राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी बहन साल 2022 में सिंगापुर गई थी। वह वहां जज की कोठी में बेबी केयर का काम करती थी। उनके जानकार के जरिए उसका वर्क वीजा लगा था। अगस्त 2024 में वह वापस लौट आई थी। अभी शुक्रवार को उसकी फिर से सिंगापुर की टिकट थी। राजेंद्र ने बताया कि वह खुद भी पहले सिंगापुर व बाद में मलेशिया दो साल काम करके आया है। राजेंद्र ने बताया कि उसके जीजा कमल ने 5 दिन पहले भी उसकी बहन के साथ मारपीट की थी। इस पर उसने पुलिस को फोन किया था। पुलिसकर्मी उसके जीजा कमल को थाने भी लेकर गए, मगर शाम को उसका ससुर नारायण चंद समझौता करवा कर घर ले आया। राजेंद्र ने बताया कि कविता ने परिवार के लिए ही विदेश में नौकरी की। रुपए जोड़कर कुछ दिन पहले ही टोहाना में 12 लाख रुपए का प्लॉट लिया। अगस्त 2024 में सिंगापुर से आने के बाद मकान बनाया। उन्हें बिल्कुल भी आभास नहीं था कि उनका जीजा उनकी बहन पर इस तरह जानलेवा हमला करेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।*



**फतेहाबाद।** जैक के साथ सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# खोजी कुत्ते 'जैक' ने सर्च अभियान के दौरान पकड़ा छिपाकर रखा लाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- एसपी के नेतृत्व चलाया जा रहा नशा मुक्त अभियान

एसपी द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम स्नीफर डॉग का भी सहारा ले रही है। आज थाना सदर रतिया क्षेत्र में पुलिस द्वारा एक सर्च अभियान चलाया गया, जिसमें डॉग स्क्वायड टीम के डॉग जैक ने शराब तस्कर को पकड़वाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जैक ने गांव खुनन स्थित मुख्तार सिंह की ढाणी से भारी मात्रा में लाहन बरामद करवाया। थाना सदर रतिया के प्रभारी एसआई राजबीर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में क्षेत्र में नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुलिस टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान डॉग स्क्वायड के कुत्ते जैक ने गांव खुनन में मुख्तार सिंह की ढाणी में छुपाकर रखे गए 170 लीटर लाहन का पता लगाया, जिसे टीम ने बरामद कर लिया।



**सिरसा।** हैरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### दो युवक 30.46 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** हरियाणा एनसीबी की सिरसा यूनिट ने गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र के गांव ढाणी सतनाम सिंह क्षेत्र से दो युवकों को 30.46 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। हरियाणा एनसीबी सिरसा यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह ने बताया कि सहायक उप निरिक्षक सुखदेव सिंह अपनी टीम के साथ थाना रानियां क्षेत्र में मौजूद थे। इस दौरान गुप्त सूचना मिली कि दो नशा तस्कर बाइक पर अवैध नशीले पदार्थ लेकर रानियां की ओर आ रहे है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कुताबढ-रानियां रोड पर स्थित गांव ढाणी सतनाम सिंह के पास नाका लगाकर आरोपियों को बाइक सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान सतनाम सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी गांव ढाणी सतनाम सिंह के रूप में हुई।

## अपराधियों पर नकेल कसने का रहा मुख्य उद्देश्य

# जिलेभर में पुलिस ने की पैदल पेट्रोलिंग

- नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के सभी थानों व चौकियों ने अपने एरिया में अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस टीम के साथ अपने अपने क्षेत्र में की पैदल गस्त/ पेट्रोलिंग की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गई पैदल गस्त/ पैट्रोलिंग का एक उद्देश्य पुलिस की मौजूदगी दिखाना व आपराधिक तत्वों में पुलिस का अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहना प्रदर्शित करता है। यह पैदल गस्त आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के बीच पुलिस का दबदबा व आम लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाती है। एसपी ने बताया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर अपराधियों के मन भय का माहौल पैदा करना और उनको सलाखों के पीछे भेजना है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन में पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराना है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया और जिले के सभी चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस टीम मुस्तैद नजर आई। पुलिस का काम केवल अपराधों पर रोक लगाना नहीं बल्कि जनता के साथ मधुर संबंध रखते हुए उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक करना भी है।



**फतेहाबाद।** शहर में पैदल गशत करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### सभी प्रभावियों ने की गश्त

इस अभियान के तहत सभी थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से पैदल गश्त की। इस अभियान में सभी थाना/चौकी में मौजूद ज्यादा से ज्यादा पुलिस बल पैदल गस्त पर रहे।



## खबर संक्षेप

### नव नियुक्त प्राचार्य ने संभाला पदभार

**सिरसा।** गांव भुरटवाला के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लंबे समय से रिक्त चल रहा प्राचार्य के पद पर शनिवार को देवीलाल सहारण ने पदभार ग्रहण किया है। उल्लेखनीय हैं कि देवीलाल सहारण पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माधोसिंघाना में इतिहास विषय के प्रवक्ता पद पर थे। विभाग द्वारा इनको पदोन्नति करके प्राचार्य पद पर नियुक्ति दी है। सहारन द्वारा प्राचार्य के पदभार ग्रहण करने पर भुरटवाला विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्यो ने उनका स्वागत किया।

### मोबाइल चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए डबवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदात के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल बरामद कर लिया है। सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि 03.04.2025 को तरविंद्र पाल पुत्र साधु राम निवासी टप्पी जिला सिरसा की शिकायत पर कि दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका मोबाइल चोरी कर लिए जाने पर थाना सदर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सीआईए डबवाली स्टाफ ने अपने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए दो आरोपियों को चोरी हुए मोबाइल के साथ काबू किया गया है। आरोपियों की पहचन अंग्रेज सिंह पुत्र जसवीर सिंह व सिकंदर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी रामा मंडी जिला बठिंडा पंजाब के रपु में हुई है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

### हेरोइन तस्करी के आरोप में युवक काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने नशा तस्करी मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सुशील कुमार पुत्र बेदप्रकाश निवासी भट्टूकलां के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 13 जनवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान राकेश उर्फ गोलू पुत्र मदन लाल निवासी भट्टूकलां को ठुईयां कैंचियों के पास से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके पास से 8.10 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। इस मामले में आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने उसके साथी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### टोहाना शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर टोहाना निवासी तरसेम खोबड़ा ने कहा कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को रेलवे रोड स्थित कल्पना चावला पार्क के पास खड़ा किया और चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

शहर में जगह- जगह लगे कचरे के ढेर

# कचरा उठाने का टेंडर खत्म 40% कालोनियों में बुरा हाल

नगरपरिषद प्रशासन की मिसमैनेजमेंट के चलते शहर के डम्पिंग प्वाइंटों में फैला कचरा

*ठेका खत्म होने के बाद अनुबंध पर एजेंसी से गाड़ियां लेने की अनुमति मांगी गई। बीते वीरवार को नगर परिषद को सात गाड़ियां मिल गई थी लेकिन उसके बाद भी शहर के हालात नहीं सुधरे हैं। शहर की 40 फीसदी कालोनियों में कचरा उठान न होने से लोग परेशान हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर परिषद प्रशासन ठेका खत्म होने के बाद कचरा उठान को लेकर व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। यहां तक शहर के मुख्य डम्पिंग प्वाइंटों से कचरे का उठान नहीं हो रहा है। शनिवार को शहर के पुराना बस स्टैंड के पास शिवालय मार्केट के सामने कचरे के ढेर लगे रहे। इसके अलावा भट्टू रोड और बीघड़ रोड पर भी ये ही हालात रहे। यही नहीं, शहर की बाहरी कॉलोनियों में पिछले 8 दिन से डोर टू बोर कचरा उठान भी बंद है। ये हालात तब है, जब नगर परिषद प्रशासन कचरा उठान को लेकर प्रॉपर्टी मालिकों से चार्ज वसूल कर रहा है। हालांकि नगर परिषद प्रशासन ने कचरा उठान को लेकर सात गाड़ियां और लोडर सिरसा की एजेंसी से अनुबंध पर ले लिया है लेकिन उसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। शहर की 40 फीसदी कालोनियों में आज भी डोर टू डोर कचरा उठान न होने से लोग परेशान हैं। नगरपरिषद अधिकारियों का कहना है कि एक-दो दिन में व्यवस्था को सुधार लिया जाएगा और सोमवार से सभी कॉलोनियों में रेगुलर कचरा उठान का काम शुरू हो जाएगा। नगर परिषद प्रशासन ने वर्ष 2023 में एजेंसी को डोर टू डोर कचरा उठान का ठेका दिया था, लेकिन ये ठेका मई 2024 में खत्म हो गया। इसे अलग-अलग बार 30 अप्रैल तक बढ़ाया गया। इस दौरान डोर टू डोर कचरा उठान की टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। यहां तक नगर परिषद प्रशासन व्यवस्था भी नहीं बना पाया। ठेका खत्म होने के बाद अनुबंध पर एजेंसी से गाड़ियां लेने की अनुमति मांगी गई। बीते वीरवार को परिषद को सात गाड़ियां मिल गई थी लेकिन उसके बाद भी शहर के हालात नहीं सुधरे हैं।



**फतेहाबाद।** शहर में डम्पिंग प्वाइंट पर लगा कूड़े का ढेर।

#### ये है शहर में प्रॉपर्टी की स्थिति संख्या के साथ

| | |
|---|---|
| 100 स्क्वायर मीटर के प्रॉपर्टी : | 6293 |
| 100 से 200 स्क्वायर मीट तक की प्रॉपर्टी : | 8785 |
| 200 से 400 स्क्वायर मीटर तक की प्रॉपर्टी : | 3532 |
| 400 स्क्वायर मीटर से ज्यादा की प्रॉपर्टी : | 999 |

जेसीबी खराब होने के कारण कचरा उठान समय पर नहीं हो पाया है। अनुबंध पर गाड़ियां ले ली गई हैं। सोमवार से डोर टू डोर कचरा उठान शुरू कर दिया जाएगा। - सतपाल सैनी, सीएसआई, नगर परिषद

## महिला के कान की बाली छीनने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एक महिला के कान से सोने की बाली छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर टोहाना पुलिस ने दो और युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान कमल पुत्र बिट्टूराम निवासी रतिया रोड टोहाना व दिलबाग पुत्र लीलाराम निवासी जमालपुर शेखां के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से वारदात में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है।

दोनों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इस मामले में एक आरोपी राहुल उर्फ गप्पड़ पुत्र शमशेर सिंह निवासी जमालपुर शेखां को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई शादी राम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 22 अप्रैल को जमालपुर शेखां निवासी महिला बबली बाई की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह हैदर वाला रोड, भाखड़ा नहर से लकड़ी लेकर घर जा रही थी तो दो युवक गप्पड पुत्र शमशेर व दिलबाग सिंह पुत्र लीलाराम निवासी जमालपुर शेखां मोटरसाइकिल पर पीछा करते हुए आए और गुरुद्वारे के पास अकेला पाकर उसके कान से सोने की बाली खींचकर मौके से फरार हो गए। इस मामले में सदर टोहाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एएसआई ललित कुमार ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए अब तक तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में महिला से छीना झपटी के आरोपी युवक।

### साइबर ठग ने महिला के साथ की धोखाधड़ी, केस

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों ने जाखल में एक महिल को बातों में फंसाकर ओटीपी पूछा और उसे खाते से हजारों रुपये निकाल लिए। इस बारे महिला ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में टोहाना के गांव नथुवाल निवासी अमनदीप कौर ने कहा है कि जुलाई 2024 में उसके पास अज्ञात व्यक ति ने फोन किया और उसे पैसों का लालच देकर कहने लगा कि उसके मोबाइल फोन में एक ओटीपी आएगा, वह उसे ओटीपी बता दे जिससे उसके खाते में पैसे आ जाएंगे। इस पर उसने उक्त युवक की बातों में आकर फोन पर आए ओटीपी को उसे बता दिया। इसके बाद उसके सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के खाते से 34 हजार 336 रुपये कट गए। इस पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला तो पुलिस को शिकायत दी।

## कनाडा की ऑनलाइन टिकट बुक करवाने के नाम पर 1.37 लाख ठगे

**फतेहाबाद।** कनाडा जाने के लिए ऑनलाइन टिकट बुक करवाने के नाम पर फतेहाबाद के एक युवक से 1 लाख 37 हजार की ठगी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जांडवाला बागड़ निवासी संदीप ने कहा है कि वह ऑनलाइन मोबाइल मंगवाकर बेचने का काम करता है। 20 सितम्बर 2024 को उसके दोस्त रविन्द्र निवासी गांव सह जिला भिवानी ने उसे फोन किया और कहा कि उसने कनाडा जाने के लिए ऑनलाइन एयर टिकट बुक करवानी है। वह उसकी टिकट बुक करवा दे और वह उसे नकद पैसे दे देगा। उसने यह बात गांव के रोहताश को बताई तो रोहताश ने कहा कि विपुल सुरा पुत्र संजय सूरा निवासी बुगाना जिला हिसार उसका भांजा है और वह विदेश भेजने व ऑनलाइन टिकट का काम करता है। उसका डाबडा चौक हिसार में दफ्तर है। इसके बाद रोहताश ने उसकी विपुल से बात करवाई। इसके बाद उसने अपने दो बैंकों के केर्डिट कार्ड की फोटो उसे भेज दी। इसके बाद विपुल ने उसे फोन कर टिकट के लिए ओटीपी मांगा। उसने विपुल को ओटीपी दे दिया। इसके बाद उसके आईसीआईसीआइ के क्रेडिट कार्ड से 66950 रुपये और फेडरल बैंक के क्रेडिट कार्ड से 70478 रुपये कट गए। इसके बाद जब उसने विपुल से टिकट मांगी तो वह आनाकानी करने लगा।

## अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने की प्रस्तावित अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद के प्रस्तावित नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने की मांग को लेकर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का प्रतिनिधिमंडल आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा से मिला और सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर फतेहाबाद के सैक्टर 9 में बने रहे नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाने की मांग रखी। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहब दयाल वधवा, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने कहा कि सरकार को प्रस्तावित नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देना चाहिए, इससे प्रदेश सरकार के जहां बनाने के 2 हजार करोड़ बचेंगे वही इसके साथ पड़ी सैक्टर 9,10,11 सेक्टर की जमीन से करोड़ों रुपए का रेवेन्यू सरकार को प्राप्त होगा। जब लोगों को जिला हेड क्वार्टर पर मेडिकल कॉलेज की सुविधा मिलेगी तो उन्हें नागरिक अस्पताल की जरूरत कम पड़ेगी और नागरिक अस्पताल का वर्कलोड भी कम होगा। इस अवसर पर संस्था प्रदेश प्रवक्ता विनोद अरोड़ा, जिला अध्यक्ष महिला विंग राखी मक्कड़ व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी।

## पंचायत ने ढुकड़ा के सरकारी स्कूल के भवन पर लगवाया सायरन, टास्क फोर्स टीम तैयार, प्रशासन से करेगी तालमेल

सरकार व प्रशासन के साथ मिलकर करेंगे देशसेवा : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

गांव ढुकड़ा के सरपंच राजेंद्र ढुकड़ा ने गांव में विभाग की गाइडलाइन अनुसार गांव ढूकड़ा के सरकारी स्कूल के भवन पर सायरन सेट करवा दिया है। सरपंच राजेंद्र ढूकड़ा ने कहा कि देशहित में कार्य करने के लिए उन्होंने सफाई कर्मचारी कालूराम व जगदीश को एक गाड़ी देकर उसके ऊपर माइक सिस्टम लगाकर मुनादी की ड्यूटी लगा दी है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत ढूकड़ा ने जिला प्रशासन सिरसा के निर्देशानुसार गांव की सभी सोलर लाइटों को कवर्ड कर दिया है। सरपंच ने कहा कि गांव के सभी वार्डों में पंचायत सदस्यों को लोगों को शाम के समय घरों के बाहर की लाइटें सरकार के निर्देशानुसार जब भी ब्लैकआउट के निर्देश आएं तो उनको बंद करवाने की जिम्मेदारी लगा दी है। ब्लैकआउट की स्थिति में व प्रशासन के निर्देशानुसार आगे की गतिविधियों के लिए गांव की टास्क फोर्स टीम भी तैयार कर ली है, जिसमें मनोज शर्मा, धर्मपाल, रमेश, इंद्रजीत व श्रवण जिला प्रशासन के साथ सभी जानकारी सांझा करेंगे तथा गांव की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। राजेंद्र ढूकड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गांव के सरकारी स्कूल को सेफ हाउस भी बना लिया है, जिसमें कमरों, बिजली-पानी व सुरक्षा की सभी सुविधाओं की तैयारी है तथा मेडिकल सुविधाओं की भी कमी नहीं है।



सिरसा। ग्राम पंचायत ढुकड़ा सरकारी स्कूल के भवन पर सायरन लगवाते हुए।

## टोहाना पुलिस ने वाहन चोर को कुछ ही घंटों में किया काबू

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने वाहन चोर को कुछ ही घंटों में काबू करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र नछतर सिंह निवासी टिब्बी हरी सिंह जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 9 मई को पटेल नगर टोहाना निवासी हैप्पी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार गया था। उसने मोटरसाइकिल को चण्डीगढ़ रोड फ्लाईओवर के नीचे खड़ा करके दुकान पर मोबाइल ठीक करवाने चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गया था। इस मामले में टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे कुछ ही समय में आईटीआई के पास से गिरफ्तार कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।



*पुलिस ने साइबर ठग को दबोचा*

## दुकानदार को जीरा, धनिया भेजने के नाम पर 1 लाख ठगे, यूपी का युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

भूना के दुकानदार से 1 लाख 5 हजार की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रणजीत कुमार पुत्र अरविंद निवासी अतरौली जिला कन्नौज, यूपी के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 अप्रैल को खैरी चौक, भूना निवासी लीलाकृष्ण की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी भूना में गेहूं-चना पिसने के लिए जय बाबा राणाधीर एग्रो नाम से 5 चक्कियां हैं। उसने जीरा व धनियां की पिसाई करनी थी। जीरा व धनियां खरीदने के लिए उसने 7 अप्रैल को इंडिया मार्ट एप पर ट्रेडिंग कम्पनी सर्च की तो उसका सम्पर्क जैन ट्रेडिंग कम्पनी से हुआ। उन्होंने उसे सामान के बिल की कॉपी व अपना आधार कार्ड व्हाटसएप पर भेजा, जिसको उसने वेरिफाई किया। इसके बाद उसने जीरा व धनियां खरीदने के लिए उक्त फर्म के अकाउंट में 1 लाख 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इस पर उससे कहा गया कि वह कल उसका सामान भेज देंगे। इसके बाद से उनका फोन नंबर बंद आ रहा है। कई दिन बीतने के बाद भी जब उसे जीरा व धनिया नहीं मिला तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला और उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में दुकानदार से धोखाधड़ी का आरोपी।

## युवक पर तेजधार हथियार से हमला पुलिस ने चार पर केस दर्ज किया

**फतेहाबाद।** गांव कुम्हारिया में एक युवक पर चार लोगों ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि पुलिस घायल को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाने लेकर गई, मगर वहां दाखिल करने से इनकार कर दिया गया। फिर उसे घायल अवस्था में पहले बड़ोपल पीएचसी लाया गया। वहां से फतेहाबाद भेजा गया। फिर फतेहाबाद से अग्रोहा रेफर किया गया, तब जाकर उसको भर्ती करके इलाज शुरू किया गया। पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कुम्हारिया निवासी पृथ्वी सिंह ने बताया कि वह 7 मई की रात को अपनी मौसी के घर से अपने घर स्कूटी पर जा रहा था। रास्ते में तीन-चार लोगों ने पीछे आकर अंधेरे का फायदा उठाकर उस पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि गांव के ही रोहताश उर्फ बिल्लू, सुनील, कीमत सिंह और एक अन्य ने उसके सिर पर वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। उसका एक दांत भी टूट गया। शोर सुनने के बाद पहुंचे आसपास के लोग आए, जिनमें से किसी ने डायल 112 पर सूचना दी। उसके बाद पुलिस आई और उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज लेकर गई। मगर वहां उसे दाखिल करने से मना कर दिया। उसके बाद गांव के देवीलाल और राजपाल उसे बड़ोपल पीएचसी में लेकर आए। यहां से उसे फतेहाबाद भेज दिया। पृथ्वी ने बताया कि वह खून से लथपथ दर्द से कराहता रहा, उसके बाद उसे फतेहाबाद सिविल अस्पताल से अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया गया। उसके चार जगह चोटें आई हैं। पृथ्वी सिंह ने आरोप लगाया कि आरोपी नशा तस्कर हैं और सरेआम नशीला पदार्थ और जहरीली शराब बेचते हैं।

### जेवरात व नकदी चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस ने रहमत कॉलोनी शाह सतनामपुरा सिरसा क्षेत्र में स्थित एक घर से सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल फोन व नकदी चोरी के दो आरोपियों काबू किया है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित जगमीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी रहमत कॉलोनी गली नंबर 4 शाह सतनामपुरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में वह अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर डेरा सच्चा सौदा सिरसा में सत्संग सुनने के लिए गए हुऐ थे। दो तीन घंटों के बाद वापस घर आकर देखा तो घर के ताले टूटे हुए थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर में सामान चेक करने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने घर से सोने की एक जोड़ी कानों की बालियां, एक सोने की अंगुठी, दो जोड़ी चांदी की पाजेब, एक मोबाइल फोन तथा 28 हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए थे। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ थाना सदर सिरसा में चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान संत लाल व संदीप कुमार के रुप में हुई है। युवकों की निशानदेही पर मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफ़ोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### महिला का पर्स छीनकर युवक फरार, केस

**फतेहाबाद।** टोहाना में पैदल जा रही महिला से अज्ञात युवक पर्स छीनकर फरार हो गया। इस बारे महिला द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में भाटिया नगर टोहाना निवासी मनजीत कौर ने कहा है कि गत दिवस रात करीब 9 बजे वह जींद रेलवे स्टेशन से टोहाना आई थी। जब वह टोहाना रेलवे स्टेशन से भाटिया नगर की तरफ जा रही थी तो अनाज मण्डी गेट के पास एक युवक उसके पास आया और उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में एक मोबाइल फोन, 8 हजार रुपये व अन्य कागजात थे। उसने शोर मचाकर युवक का पीछा भी किया लेकिन युवक भागने में कामयाब रहा। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

कार्यक्रम | हलके में विभिन्न गांवों में आईपीबी रास्तों का किया उद्घाटन

## विकास व जनकल्याण को समर्पित है कांग्रेस: केहरवाला

*ग्रामीणों ने विधायक केहरवाला का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर जिस तत्परता से इन रास्तों को पक्का बनवाने का कार्य किया है, उससे समूचे ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा और आने जाने में काफी सुविधा होगी*

हरिभूमि न्यूज, कालांवाली

- सड़कों के बनने से लोगों को राहत मिलेगी

कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो पूरी तरह से विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित है।वे शनिवार को अपने कालांवाली हलके के विभिन्न गांवों में खेत खलिहान योजना के तहत बनाए गए आईपीबी रास्तों का उद्घाटन करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। लाखों की लागत से गांव दड़बी, थेड़ी बाबा सावन सिंह, गांव भावदीन व गांव नेजाडेला कलां में बने इन रास्तों के उद्घाटन किए जाने के दौरान ग्रामीणों ने विधायक केहरवाला का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर जिस तत्परता से इन रास्तों को पक्का बनवाने का कार्य किया है, उससे समूचे ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा और आने जाने में काफी सुविधा होगी। वहीं विधायक ने कहा कि कालांवाली हलका उनका परिवार है और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कालांवाली में ग्रामीणों का विकास सीधे तौर पर उनके सामाजिक जीवन से जुड़ा है और वे इसके लिए सदैव तत्पर हैं। इस अवसर पर विधायक शीशपाल केहरवाला के साथ गुरजिंद्र सिंह नरेलखेड़ा, धर्मेंद्र, जगनंदन सिंह, बलकरण सिंह, जसकरण सिंह व मोहनलाल फरवाई आदि अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।



**सिरसा।** गांवों में आईपीबी रास्तों का उद्घाटन करते विधायक शीशपाल केहरवाला।

